# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–30 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नई दिल्ली में बैठक हुई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंत्रिमंडल की यह पहली बैठक थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने फैसला लिया है कि आगामी जनगणना में जातीय जनगणना भी शामिल होनी चाहिए।

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने दो हजार पचीस छब्बीस के लिए गन्ने का न्यूनतम मूल्य तीन सौ पचपन रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। यह एक बेंचमार्क है और इससे नीचे के मूल्य पर गन्ने की खरीद नहीं होगी। आज ही मंत्रिमंडल की सुरक्षा कार्य समिति की बैठक भी हो सकती है। इससे पहले, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री आवास पर भी कल एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के चार सौ पचासवें डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरूआत कुशीनगर जिले में हो गई है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी ने आज इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पासपोर्ट की सभी सेवाएं इस सेवा केंद्र पर उपलब्ध होंगी।

**हम लोगों ने इसमें डिजीटाइजेशन कर दिया है, हर तरह के आसानी कर दी है कि जनता को दूर दूर भटकना न पड़े और इस सारी चीजों का भी हम लोग मन से डिटेल में जनता के सामने भी और आप लोगों के सामने रखेंगे कि किस तरह से हमारी सरकार पासपोर्ट सेवा को आसान करने के लिए, सुलभ करने के लिए जनता के लिए कितने महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।**

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, सांसद विजय दुबे और जगदम्बिका पाल समेत विदेश मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री योगी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 200 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिये निर्देशित किया।

**********

काउन्सिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन–सीआईएससीई ने आईएससीई की दसवीं कक्षा और आईएससी की बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। दो लाख पचास हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दसवीं की और निन्यानवे हजार पांच सौ इक्यावन विद्यार्थियों ने बारहवीं की परीक्षा दी थी। दसवीं में निन्यानवे दशमलव तीन–सात प्रतिशत के साथ छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उधर, बारहवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। निन्यानवे दशमलव चार–पांच प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। वहीं छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत अट्ठानवे दशमलव छह–चार है।

**********

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्‌घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन, प्रतिभा और रचनात्मकता के क्षेत्र में भारत की अपार संभावनाओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन में दुनियाभर के शीर्ष मीडिया सीईओ, मनोरंजन जगत की बड़ी हस्तियाँ एक साथ आएंगे। इस कार्यक्रम में सौ देशों के लगभग पांच हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा कई दिग्गज कलाकारों अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, चिरंजीवी, मोहन लाल, नागार्जुन, शाहरुख खान, अनिल कपूर, अक्षय कुमार, आलिया भट्ट और आमीर खान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में लोगों को भारत के साथ–साथ दुनिया के कई हिस्सों की कला, संस्कृति और सिनेमा की झलक देखने को मिलेगी। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, मुम्बई।**

**********

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आज उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट परम्परागत ढंग से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही चारधाम यात्रा की शुरूआत हो गई है। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आज अक्षय तृतीया के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं हैं।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज से लेकर छह मई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इस अंचल में चार मई तक बारिश के साथ तेज सतही हवाएं भी चल सकती हैं और वज्रपात की भी चेतावनी है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भी कल से छह मई तक बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

**********